# त्योंथर क्षेत्र में बेलन और टमस उफान पर, बाढ़ का खतरा

## खतरे के निशान से ऊपर बह रही बेलन नदी, यूपी के अदवा डैम के 4 और मेजा के 7 गेट खोले गए, बीहर-बकिया बराज के खोले गए गेट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, तराई क्षेत्र में लगातार हो रही रिमझिम बारिश से टमस और बेलन नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है. मिर्जापुर के अदवा डेम के बाद मेजा बांध के गेट खोले जाने से त्योंथर में बेलन नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 6 फिट ऊपर पहुंच गया है. डीह पुल डूबने से दर्जन भर गांवों का सम्पर्क टूट गया है.**



बाढ़ के हालात को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है और एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड तैनात किये गये है. मंगलवार की रात से रूक-रूक कर बारिश हो रही है. गांव में मुनादी कराई गई है कि बाढ़ के हालात को देखते हुए नदी के पास न जाए. दरअसल यूपी के दो डेम के मंगलवार को गेट खोले जाने के बाद त्योंथर क्षेत्र के 80 गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है. बकिया बराज के गेट खोले जाने के बाद टमस का जल स्तर बढ़ गया है. गांव के कई छोटे नाले उफान पर है. बुधवार की सुबह से हो रही बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गये है. बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मुनादी करा कर लोगो को सतर्क रहने को कहा है. इसके साथ ही सुरक्षा के इंतजाम किये गये है. राहत शिविर भी बनाये गये है स्थित बिगड़ने पर राहत शिविर पहुंचाया जाएगा. त्योंथर, चाकघाट क्षेत्र के क्षेत्रीय नाले और नदी भी उफान पर है. अगर तेज बारिश लगातार 24 घंटे हो जाएगी तो बाढ़ की स्थित बन जाएगी. अभी पानी रूक-रूक कर बरस रहा है जिसके कारण स्थित नियंत्रण में है. तराई क्षेत्र में टमस और बेलन नदी जब उफान में आती है तो लगभग 80 गांव बाढ़ से प्रभावित होते है. प्रशासन अलर्ट है गांव-गांव अधिकारी पहुंच रहे है. लोगो को सतर्क रहने के लिये कहा गया है. खासकर रात के समय, अभी भी त्योंथर में रूक-रूक कर बारिश हो रही है.

### बांध का गेट खोलने से बढ़ा जल स्तर

यूपी मिर्जापुर के अदवा डैम के 4 गेट खोल दिये गये है. इसी तरह मेजा डैम के भी 7 गेट खोले गये है जिससे 15 हजार क्यूसेक पानी बेलन नदी पर आ रहा है और खेतरे के निशान से ऊपर बेलन नदी बह रही है. डीह में बना पुल डूब गया है जिसके कारण दर्जन भर गांवों का सम्पर्क टूट चुका है. बेलन का जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय नाले और नदियों का जल स्तर बढ़ गया है. सरकारी भवनो में राहत कैम्प बनाये गये है और अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गये है. वही दूसरी तरफ बीहर बांध के 8 और बकिया बराज के 10 गेट खोल दिये गये है. जिससे 1000 क्यूमेक्स पानी टमस नदी में जा रहा है. सभी गेट 25-25 सेंटी मीटर के ऊंचाई तक खोले गये है. बांध का पानी टमस में जाने से जल स्तर बढ़ गया है. गुढ़ क्षेत्र में हुई बारिश के चलते बीहर-बिछिया का जल स्तर बढ़ा है. दोनो नदियों का पानी टमस में जाकर मिलता है. त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा मड़रा रहा है.



# पिछले 24 घंटे में जवा तहसील में सर्वाधिक 75 मिमी वर्षा दर्ज

## चालू वर्षाकाल में दर्ज हुई 329 .9 मिमी औसत वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, जिले में मानसून की गतिविधियों के बीच वर्षा का दौर जारी है. 19 अगस्त को जिले में औसतन 26.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान जिले की अन्य तहसीलों में मिला-जुला असर देखने को मिला. सबसे ज्यादा मेघ जवा तहसील में मेहरबान रहे.**

आषाढ़ में भले ही झमझम बारिश नही हुई लेकिन सावन के महीने में लगातार बारिश हो रही है. धीरे-धीरे वर्षा का आकड़ा भी बढ़ता जा रहा है. हालाकि अभी बहुत कम बारिश दर्ज की गई है. खासकर त्योंथर तहसील में सबसे कम वर्षा हुई है. दिन भर रिमझिम बारिश होती रही. तहसीलदार महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि 19 अगस्त को जवा तहसील में 75 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो पूरे जिले में सर्वाधिक है. इसके अलावा सिरमौर में 35 मिमी, त्योंथर में 23 मिमी और गुढ़ में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई. वहीं सेमरिया में 18 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 17 मिमी, हुजूर में 14 मिमी तथा मनगवां में 6 मिमी वर्षा दर्ज की गई. तहसीलदार ने बताया कि चालू वर्षाकाल में जिले में कुल 329.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है.

इस अवधि के दौरान गुढ़ तहसील में सबसे ज्यादा 627 और त्योंथर तहसील में सबसे कम 159 मिमी वर्षा दर्ज की गई. इस अवधि में तहसील हुजूर में 315.3 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 329.3 मिमी, सिरमौर में 324 मिमी, सेमरिया में 304 मिमी, मनगवां में 222 मिमी और जवा में 358 मिमी वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 673.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी, जिसकी तुलना में इस बार वर्षा का आंकड़ा कम है. उल्लेखनीय है कि रीवा जिले की सामान्य औसत वर्षा 1044.6 मिमी है.

# मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से त्योंथर विधायक ने की भेंट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट की.**



इस दौरान त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं, रीवा जिले एवं समूचे विंध्य के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया. श्री तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है. वहीं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में संगठन निरंतर मजबूती की दिशा में आगे बढ़ रहा है. साथ ही विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भी भेंट की. इस दौरान संगठन संदर्भित विषयों पर चर्चा की. भविष्य में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के अध्यक्षों की नियुक्ति

# संत रविदास समरसता संकल्प यात्रा आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, गुरू संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिले भर में श्री गुरू रविदास महाराज समरसता संकल्प यात्रा निकाली जाएगी.**

यह यात्रा 20 अगस्त को श्री गुरू रविदास मंदिर गड़रिया, रतहरा से शुरू होगी. यात्रा के शुभारंभ अवसर पर रविदास मंदिर गड़रिया, रतहरा में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द शुक्ल होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. कार्यक्रम में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी शामिल होगे.

## संक्षिप्त

### अपर मुख्य सचिव की बैठक आज

**रीवा,** अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा प्रभारी रीवा संभाग श्रीमती रश्मि अरूण शमी 20 अगस्त को संभागीय बैठक में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगी. बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में पूर्व में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठकों के निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी. कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स तथा सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### बैठक आज

**रीवा,** पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 20 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर के मीटिंग हाल में होगी. सीएमएचओ डॉ. सुधाकर पाण्डेय ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### संचालक मण्डल का संशोधित चुनाव का कार्यक्रम तय

**रीवा,** मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के प्रावधानों के तहत मध्यप्रदेश पुलिस गृह निर्माण समिति मर्यादित 9वीं वाहिनी विसबल रीवा के संचालक मंडल के निर्वाचन का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है. मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी संजय गुप्ता ने निर्वाचन के लिए सहकारी निरीक्षक मनीष द्विवेदी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया है. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला पदों के निर्धारण के लिए संचालक मण्डल की बैठक की सूचना 3 सितम्बर को जारी की जाएगी. इसके लिए संचालक मंडल की बैठक 10 सितम्बर को आयोजित की जाएगी. समिति के चुनाव के लिए आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम भी इसी दिन जारी किया जाएगा. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 17 सितम्बर तय की गई है. नामांकन पत्रों की जाँच करके वैध उम्मीदवारों की सूची 18 सितम्बर को प्रकाशित की जाएगी. सूची का प्रकाशन तथा उम्मीदवारों को चुनाव चिन्हों का आवंटन 20 सितम्बर को किया जाएगा. विशेष साधारण सम्मेलन में 25 सितम्बर को निर्वाचन के लिए मतदान होगा.



### विद्युत समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया घेराव

**रीवा,** रीवा जिले के ग्राम ओडकी एवं अमिलिकी सहित तालाब टोला क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था सुधारने और 72 घंटे के अंदर आवश्यक क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए ग्रामीणों ने गोविन्दगढ़ के कनिष्ठ यंत्री कार्यालय का घेराव एवं शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदगढ़ फीडर के ग्राम ओढ़की एवं अमिलिकी सहित तालाब टोला क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था लंबे समय से अत्यंत खराब और दयनीय बनी हुई है. दोनों ग्रार्मी में लगे ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं, जिसके कारण आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अमिलिकी में लगा ट्रांसफार्मर जल चुका है, जबकि ओड़की में लगा ट्रांसफार्मर अत्यधिक ओवरलोड होने के कारण पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं कर पा रहा है. इसके अतिरिक्त क्षेत्र में झूलते हुए विद्युत तार एवं सड़ी-गली जर्जर केबलें दुर्घटना का गंभीर कारण बनी हुई हैं. इन्हीं समस्याओं को लेकर आज गोविन्दगढ़ के कनिष्ठ यंत्री कार्यालय का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किया गया. यदि 72 घंटे के भीतर मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो ग्रामीणों द्वारा वर्तमान शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को उग्र एवं व्यापक आंदोलन में परिवर्तित किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्युत विभाग की होगी.

# खराब सड़क की वजह से ओव्हरलोड वाहन पलटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, रीवा जिले के पनवार थाना अंतर्गत रामबाग से बरगड़ की तरफ जाने वाली सड़क जो मध्य प्रदेश को उत्तरप्रदेश की सीमा से जोड़ती हैं इसी जर्जर मार्ग पर बीती शाम एक अनियंत्रित ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया.**

घटना के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है. मिली जानकारी के अनुसार रीवा जिले के पनवार थाना अंतर्गत रामबाग से बरगड़ की तरफ जाने वाली सड़क जो मध्य प्रदेश को उत्तरप्रदेश की सीमा से जोड़ती हैं.

इस प्रधानमंत्री सड़क पर दिन रात ओवरलोड वाहन दौड़ते हैं जबकि इस सड़क की भार क्षमता 10 टन है उससे कही ज्यादा 60 टन के भारी भरकम वाहन दौड़ रहे है. बीती रात में एक ओवर लोड ट्रेलर वाहन रिमारी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया. ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर आए दिन वाहन इसी तरह पलटते है.

# विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी ने दिया धरना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार शाम विश्वविद्यालय परिसर में धरना दिया.**



इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विद्यार्थियों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की. प्रदर्शन के बाद परिषद ने कुलगुरु को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. अभाविप ने विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम जारी करने में हो रही देरी और परिणामों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए. परिषद ने आउटसोर्सिंग एजेंसियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की मांग की. कार्यकर्ताओं का कहना है कि जरूरत पड़ने पर पूर्व की तरह विश्वविद्यालय स्तर पर ही परीक्षा परिणाम तैयार कराने की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए. प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन शुरू करने, छात्रवृत्ति के लिए अलग प्रकोष्ठ बनाने और रिक्त शैक्षणिक पदों पर भर्ती करने की मांग की. परिषद के अनुसार विश्वविद्यालय में 7 हजार से अधिक विद्यार्थी पहचान पत्र से वंचित हैं. सभी विद्यार्थियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही. साफ सफाई का भी मुद्दा उठाया गया. मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है.

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, रीवा शहर के अमाहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीके स्कूल के समीप उर्रहट में जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसी गुप्ता परिवार द्वारा एक परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है.**

इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. जिससे परेशान होकर आज पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाने रीवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए फरियादी विनोद सेन ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले गुप्ता परिवार द्वारा अपने पुराने घर को गिराकर नए सिरे से निर्माण कार्य कराया जा रहा है. आरोप है कि इस निर्माण की आड़ में गुप्ता परिवार ने विनोद सेन की जमीन के कुछ हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है. जब पीड़ित परिवार मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को देखने और अपनी जमीन का हिस्सा दबाए जाने का विरोध करने गया, तभी पड़ोसी गुप्ता परिवार के लोगों ने उन पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया. पीड़ित विनोद सेन के मुताबिक आरोपियों ने सबसे पहले उनकी बड़ी बेटी के साथ मारपीट की और बाद मे छोटी बेटी पर भी हमला कर दिया. पीड़ित विनोद सेन की बेटी अंजलि सेन ने बताया कि आरोपियों ने उस पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे उसके सिर और आंख में गंभीर चोटें आई हैं. फिलहाल इस पूरी वारदात का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पीड़ित परिवार एसपी के यहा पहुंचकर कार्यवाही की मांग की.

# पत्नी की आईडी बनाकर पति ने भेजा अश्लील मैसेज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति अपने ही पत्नी के नाम की इंस्टाग्राम आईडी बनाई और उसमें अश्लील मैसेज और वीडियो भेजने लगा.**

जब इस बात के लिए पत्नी ने पति को मना किया तो पति उसे अश्लील गालियां देते हुए धमकी देने लगा. जिसकी शिकायत रीवा जिले के मनगवा थाने के बाद अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई. पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में आरोपी के साथ हुई थी कुछ समय बाद दोनों के बीच मतभेद हुआ और पति ने उसे मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया. इस बात को लेकर न्यायालय में मामला भी चल रहा है पत्नी का आरोप है कि आरोपी पति के द्वारा आवेदिका के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील वीडियो एवं मैसेज भेजे जा रहे हैं. पीड़िता के साथ गाली गलौज की जा रही है.

# हत्याकांड के साजिश कर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, रीवा के बहुचर्चित अनूप सेन हत्याकांड के साजिश कर्ता को सिटी कोतवाली पुलिस ने नरैनी से गिरफ्तार कर लिया है इसके पूर्व दो मुख्य आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं.**

दरअसल रीवा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया से 18 मई को अनूप सेन नामक युवक की गुमशुदगी हुई थी. मामले में संदेहियों के नाम सामने आने के बाद पुलिस के द्वारा बड़े प्रयास के बाद अनुप सेन का शव एक जंगल से बरामद किया था. मिली जानकारी के मुताबिक हत्या को अंजाम देने के लिए विवेक चतुर्वेदी नामक आरोपी के द्वारा साजिश रची गई थी जिसमें दो आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपी की काफी समय से पुलिस पलाश कर रही थी जिसकी लोकेशन मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने उसे नरैनी से गिरफ्तार कर लिया. वारदात के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया.

# रोजगार मेले में 723 युवाओं का प्राथमिक चयन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. संभागीय आई.टी.आई. रीवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया.**



मेले में 1048 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 17 कंपनियों ने 723 युवाओं का प्राथमिक रूप से चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स अहमदाबाद गुजरात में 83, एमआरएफ टायर्स गुजरात में 45, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में 92, यूनो मिंडा ईवी सिस्टम गुरूग्राम हरियाणा में 29, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर में 38, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर में 28, में सीआईआई एमसीसी इंदौर में 43, प्रभा बायोप्लान्ट इंश्योरेंस रीवा में 86, बजाज लाइफ इंश्योरेंस रीवा में 15, एस्क्लेपियस वेलनेस प्रा. लि. रीवा में 11, लावा इंटरनेशनल मोबाइल मेन्यू फैक्चरिंग नोयडा में 44, बंसल टीएमटी प्रा. लि. भोपाल में 24, वेयर हाउस प्रा. लि. फ्लिपकार्ट स्वीगी में 68, याजाकी इंडिया प्रा. लि. अहमदाबाद में 58, इसी प्रकार अपोलो टायर्स प्रा. लि. बड़ोदा गुजरात में 26, हायली प्रा. लि. रंजनगांव पूणे में 8 तथा एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस रीवा में 25 युवाओं का चयन किया गया.

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव अल्प प्रवास पर पहुंचे रीवा

▸ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने निर्धारित अल्प प्रवास के तहत भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे.**



एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया. मुख्यमंत्री का विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति और अधिकारियों ने स्वागत किया. रीवा में संक्षिप्त ठहराव के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से मैहर जिले के लिए रवाना हो गए. मैहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री पुन: हेलीकॉप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट वापस लौटे. रीवा पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री वायुयान से इंदौर के लिए रवाना हो गए. मुख्यमंत्री के इंदौर प्रस्थान के समय एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उन्हें भावभीनी विदाई दी.

# लूट का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 अगस्त, बैकुंठपुर थाना पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देकर लंबे समय से फरार चल रहे 4,000 हजार के इनामी बदमाश को धरदबोचा है.**

पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था. कार्यवाही को लेकर बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने बताया कि 4 मार्च 2025 को सलैया मोड़ के पास पीड़ित परशुराम शुक्ला को घेरकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी. इसके बाद आरोपी उनसे कीमती सामान और नकदी लूटकर मौके से फरार हो गया था. आरोपी शुभाष सिंह भदौरिया को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया.